जनपद हमीरपुर

दिनांक 13.05.2026

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा की गई जनपद के पुलिस पेंशनर्स के साथ मीटिंग।

आज दिनांक 13.05.2026 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन्स सभागार में जनपद के पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान उपस्थित पेंशनर्स से संवाद स्थापित करते हुए उनसे अनुरोध किया गया कि यदि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल जनपद के उच्चाधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस को अवगत कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही कर किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

बैठक में पुलिस पेंशनर्स द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों से अवगत कराया गया, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी पेंशनर्स के योगदान की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की मंगलकामना भी की गई।